रजिस्ट्री सं०---डी (डीएन)---128/88

REGISTERED No.—D-(DN)—128/88

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 3] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 21, 1989 (माघ 1, 1910)
No. 3] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 21, 1989 (MAGHA 1, 1910)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I--खण्ड 1--रक्षा मंत्रालय को छोड़कर भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	19
भाग I--खण्ड 2--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	43
भाग I--खण्ड 3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	*
भाग I--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों, आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	47
भाग II--खण्ड 1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II--खण्ड 1-क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II--खण्ड 2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (iii) भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी अधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III--खण्ड 1--उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	53
भाग III--खण्ड 2--पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	53
भाग III--खण्ड 3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III--खण्ड 4--विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	63
भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	5
भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई है।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	49
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	43
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	47
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (I)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (II)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (III)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories) . . .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence . .	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	53
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	53
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	63
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	5
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

भाग I—खण्ड I

[PART I—SECTION I]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications rela tin to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Conrt]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 11 जनवरी 1989

सं० 1 प्रेज/89. राष्ट्रपति पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री सुरेश अरोड़ा,
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
अमृतसर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया

9 मई, 1988 को दिन के लगभग 12.30 बजे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नियंत्रण कक्ष में स्वर्ण मंदिर परिसर के बाहर तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि प्रसाद स्थल के पीछे परिसर के बाहर आतंकवादी ईंटों की एक दीवार बना रहे हैं। यह उस मोर्चा बन्दी का एक भाग था जिससे आतंकवादियों को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की टुकड़ी (मनोहर लाल भवन) जो कि प्रसाद स्थल के सामने थी, के साथ युद्ध में निश्चित रूप से सामरिक लाभ प्राप्त होता। इस सूचना के प्राप्त होते ही श्री एस० एस० विर्क, उप महानिरीक्षक, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, अपने अन्य कर्मचारियों सहित जिसमें श्री सुरेश अरोड़ा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा श्री बलदेव सिंह, पुलिस अधीक्षक (नगर), अमृतसर, सम्मिलित थे, मौके पर पहुंचे तथा आपत्तिजनक निर्माण कार्य होते देखा। जब निर्माण कार्य को बन्द करवाने के प्रयास विफल हो गये तो पुलिस तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों को दीवार गिरा देने के आदेश दिये गये। जैसे ही उन्होंने दीवार गिराने का कार्य आरम्भ किया, आतंकवादियों ने स्वर्ण मन्दिर परिसर के अन्दर से पुलिस को कोई आवरण लेने की चेतावनी दिये बिना स्वचालित हथियारों से पुलिस दल पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। इस गोलीबारी के फलस्वरूप श्री एस० एस० विर्क, उप-महा निरीक्षक, के जबड़े में गम्भीर चोट लगी। श्री सुरेश अरोड़ा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा श्री बलदेव सिंह, पुलिस अधीक्षक, जो कि श्री विर्क के साथ खड़े थे, ने तुरन्त आगे बढ़कर श्री विर्क को आवरण प्रदान किया और आतंकवादियों की तरफ गोलियां चलाई। इसी प्रकार अन्य पुलिस कर्मियों सहित श्री बलदेव सिंह पुलिस अधीक्षक, ने आतंकवादियों पर गोली चलानी शुरू कर दी जिससे कि श्री सुरेश अरोड़ा को आवरण प्रदान किया जा सके और वे श्री विर्क को आतंकवादियों की गोलियों की बौछार से बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर ले जा सकें। श्री अरोड़ा ने असाधारण साहस से काम लिया और सामरिक स्थान परिवर्तन करके आतंकवादियों पर गोलियों की लगातार बौछार करते हुए श्री विर्क को प्रसाद स्थल से ले गये। उस समय तक आतंकवादियों द्वारा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की टुकड़ी पर स्वर्ण मन्दिर परिसर के अन्दर से विभिन्न मोर्चों से पूर्ण रूप से आक्रमण किया जाने लगा। श्री अरोड़ा ने एक नागरिक से स्कूटर लिया तथा श्री विर्क को जी० टी० बी० अस्पताल ले गये। श्री अरोड़ा के इस सामयिक कार्य ने श्री विर्क की जान बचाई। श्री विर्क को अस्पताल के आपातकाल वार्ड में छोड़ कर श्री अरोड़ा स्वर्ण मन्दिर में लौट आये और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की टुकड़ियों को सवाबी कार्यवाही करने के लिये संगठित किया। श्री अरोड़ा ने एक दूसरी टुकड़ी के जवानों को सामरिक नीतियों के बारे में हिदायतें देते हुए इस बात को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया कि सुरक्षा बलों द्वारा की गई गोलाबारी से किसी निर्दोष व्यक्ति की जान न जाये। इस कार्यवाही के दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसके फलस्वरूप स्वर्ण मन्दिर में से अनेक कट्टर आतंकवादियों को हटा पाये।

इस घटना में श्री सुरेश अरोड़ा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 9 मई, 1988 से दिया जायेगा।

सं० 2 प्रेज/89 राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम व पद

श्री होशियार सिंह,
उप निरीक्षक सं० 620/30859,
पहली बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
अमृतसर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया।

4 मई, 1987 को रात के लगभग 8.30 बजे, उप निरीक्षक होशियार सिंह जब केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक प्लाटून के साथ अमृतसर के बाहरी क्षेत्र के कोट खालसा में गश्त ड्यूटी के लिये गये तो उन्हें एक व्यक्ति ने सूचित किया कि 5 युवकों ने गुरु तेग बहादुर नगर में पिस्तौल की नोक पर एक दुकानदार को लूट लिया है। वे तुरन्त दुकान की ओर गये। पुलिस दल को देखकर संदिग्ध आतंकवादियों ने भागने का प्रयास किया। श्री होशियार सिंह ने उन्हें रुकने के लिये ललकारा और अपराधियों का पीछा करना शुरू किया। भागते हुए आतंकवादियों ने पुलिस दल पर गोलियां चलाईं जिसके परिणामस्वरूप एक कान्स्टेबल की छाती के निकट गोली लगी और वह गिर गया। उप निरीक्षक होशियार सिंह ने अपने 9 एम० एम० पिस्तौल से उग्रवादियों पर जवाब में तुरन्त गोली चलाई। उनमें से एक उग्रवादी, की गर्दन पर गोली लगी और वह गिर गया। उसकी बाद में भूपेन्द्र सिंह के रूप में शिनाख्त की गई। शेष उग्रवादी अन्धेरे का फायदा उठा कर गुरु तेग बहादुर नगर की ओर भागने में सफल हो गये। घायल कान्स्टेबल तथा उग्रवादी को अमृतसर के सिविल अस्पताल पहुंचाने के बाद पुलिस दल ने उग्रवादियों का पीछा किया और कोट खालसा के नजदीक इन्द्रा कालोनी में गेहूं के खेत पर पहुंचे। श्री होशियार सिंह ने वैरी लाइट पिस्तौल से गोली चलायी और उसकी रोशनी में चार उग्रवादियों को गेहूं के खेत में छिपे हुए देखा। उन्होंने वैरी लाइट पिस्तौल से एक गोली और चलायी तथा उग्रवादियों को रुकने के लिये ललकारा परन्तु उन्होंने पुलिस दल पर गोली चलाना शुरू कर दिया। पुलिस दल ने जवाब में गोली चलाई और लगभग 30 मिनट तक गोली

बारी जारी रही। जब गोली बारी रुकी तो होशियार सिंह और बल ने टार्च की रोशनी में उस क्षेत्र की छानबीन की और उन्हें दो शव मिले। शेष दो उग्रवादी अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग गये।

इस घटना में श्री होशियार सिंह पुलिस उप निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया। यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 4 मई, 1987 से दिया जायेगा।

सं० 3-प्रेज/89:—राष्ट्रपति बिहार पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री सुरेश्वर नाथ मल्लिक,
पुलिस उप निरीक्षक,
पुलिस स्टेशन—बछवाड़ा
जिला बेगुसराय,
बिहार

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया

17 जून, 1987 को सायंकाल के लगभग 5.30 बजे बछवाड़ा पुलिस स्टेशन के उप निरीक्षक सुरेश्वर नाथ मल्लिक को सूचना प्राप्त हुई कि कुख्यात सशस्त्र अपराधियों का एक दल बालन नदी के दक्षिणी तरफ रूड़ाली गांव के निकट सड़क पर डकैती डालने की योजना बना रहा है। श्री मल्लिक चार सशस्त्र होम गार्डों सहित तुरन्त मौके पर गये और अपराधियों के दल को आम के बाग में बैठे देखा। स्थिति का मूल्यांकन करने के बाद उन्होंने अपने साथियों को सचेत किया और उस दिशा में जहां उन्होंने आम के बाग में 5-6 व्यक्तियों को पूर्व की दिशा में भागते हुए देखा धीरे-धीरे रेंगते हुए आगे बढ़े। उन्होंने उनको आत्म समर्पण करने के लिये ललकारा परन्तु अपराधियों ने जवाब में पुलिस बल पर अन्धाधुन्ध गोलियां चलायी। श्री मल्लिक ने अपने साथियों को मोर्चा संभाल कर जवाबी गोली बारी करने को कहा। दोनों ओर से गोलीबारी होती रही। श्री मल्लिक के माथे पर बाईं ओर, गर्दन दोनों हाथों तथा पेट में चोटें आई। उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और विचलित न होकर, निडर और दृढ़ बने रहे। अपने घावों की चिन्ता न करते हुए वे अपराधियों की तरफ बढ़े और अपने सर्विस रिवाल्वर से दो राउन्ड गोलियां चलाईं। श्री मल्लिक ने अपने साथियों को प्रेरित किया और कठिन स्थिति का बहादुरी से सामना करने के लिये कहा। पुलिस दल अपराधियों पर गोलियां चलाता रहा। अन्ततः एक अपराधी आम के बाग में गिर गया और उसके फलस्वरूप बाकी अपराधी भी भाग खड़े हुए। मारे गये अपराधी को बाद में बेगुसराय जिले के कारी पासवान के रूप में शिनाख्त की गई जोकि बेगुसराय तथा समस्तीपुर जिलों में अनेक अपराधी गतिविधियों में शामिल था।

इस घटना में श्री सुरेश्वर नाथ मल्लिक, पुलिस उप निरीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 17 जून 1987 से दिया जायेगा।

सं० 4-प्रेज/89: राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री राम किशन हुडा,
कान्स्टेबल नं० 610281073,
19 वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
भिखीविन्ड।

श्री अनिल कुमार,
कान्स्टेबल नं० 811160241,
19 वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
भिखीविन्ड।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया

7 सितम्बर, 1987 को कान्स्टेबल राम किशन हुडा तथा कान्स्टेबल अनिल कुमार को अन्य कार्मिकों के साथ 19वीं बटालियन की "ई" कम्पनी के आफिसर कमांडिंग की मार्गरक्षक ड्यूटी के लिये तैनात किया गया था। जिस वाहन में आफिसर कमांडिंग और श्री राम किशन हुडा तथा श्री अनिल कुमार सहित मार्गरक्षी दल थे, वह माड़ी मेघा स्थित "सी" कम्पनी से "ई" कम्पनी मुख्यालय भिखीविन्ड वापस आ रहा था। लगभग रात के 9.50 बजे जब वाहन रोड जंक्शन पर पहुंचा तथा दाईं तरफ मुड़ने के लिये धीमा हुआ तो लगभग आठ दस आतंकवादियों ने, जो कि रोड के बाईं तरफ ऊंची घास के पीछे मोर्चा संभाले हुए थे, अचानक ए० के० 47 चीनी आक्रमक राइफल से गोली बारी कर दी और वाहन में बैठे सभी पुलिस कार्मिकों को घायल कर दिया। गोली लगने के कारण गम्भीर रूप से घायल होने के बावजूद सभी पुलिस कार्मिक वाहन से कूदकर बाहर आ गये और धान के खेत में मोर्चा संभाला और आतंकवादियों पर गोलियां चलाईं। कान्स्टेबल अनिल कुमार ने अपने दाहिने घुटने के पास गोलियों से हुए घावों की परवाह न करते हुए अपनी 7.62 एम० एम० एस० एल० आर० से तुरन्त 27 राउन्ड गोलियां चलायीं और आतंकवादियों के आक्रमण को विफल कर दिया।

कान्स्टेबल राम किशन हुडा का भी दाहिना हाथ गोली लगने से जख्मी हो गया। वह यद्यपि गम्भीर रूप से घायल हो गये थे परन्तु बिना साहस खोये उन्होंने जवाबी गोली चलाई और आतंकवादियों के आक्रमण को विफल कर दिया। यद्यपि आतंकवादी बेहतर हथियारों से लैस थे, परन्तु श्री राम किशन हुडा तथा श्री अनिल कुमार द्वारा समय पर की गई कार्रवाई से उन्होंने भागना शुरू कर दिया।

सभी घायल कार्मिकों को तुरन्त नजदीक के सिविल अस्पताल भिखीविन्ड ले जाया गया जहां पर एक उप पुलिस निरीक्षक तथा एक कान्स्टेबल (ड्राइवर) को मृत घोषित कर दिया गया। अन्य घायल व्यक्तियों को बाद में एस० जी० टी० बी० अस्पताल, अमृतसर ले जाया गया और वहां पहुंचने पर एक और कान्स्टेबल को भी मृत घोषित कर दिया गया। अन्य व्यक्तियों के साथ श्री अनिल कुमार तथा श्री राम किशन हुडा को अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती किया गया।

इस मुठभेड़ में श्री राम किशन हुडा और कान्स्टेबल तथा श्री अनिल कुमार, कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट, वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 7 सितम्बर 1987 से दिया जायेगा।

मु० नीलकण्ठन, निदेशक

गृह मंत्रालय

(राजभाषा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 30 दिसम्बर 1988

संकल्प

सं० I/20012/1/87-रा० भा० (क-1) —राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 4(1) के अधीन संसदीय राजभाषा समिति गठित की गई थी। धारा 4(2) के अधीन इस समिति में बीस सदस्य लोक सभा से और दस सदस्य राज्य सभा से नियुक्त किए गए। समिति ने अपने प्रतिवेदन का प्रथम खण्ड राष्ट्रपति को जनवरी 1987 में प्रस्तुत किया, जिसमें समिति ने केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में अनुवाद व्यवस्था, अनुवाद प्रशिक्षण संदर्भ और संपूरक साहित्य के संबंध में अपनी सिफारिशें दी हैं। प्रतिवेदन का प्रथम खण्ड अधिनियम की धारा 4(3) के अनुसार तारीख 8 मई, 1987 को संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखा गया तथा इसकी प्रतियां सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को भेजी गईं। चूंकि सिफारिशों का संबंध विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में होने वाले कामकाज से था अतः इस संबंध में उनसे भी राय ली गई।

2. राज्य सरकारों से प्राप्त मतों पर विचार करने के बाद समिति द्वारा की गई अधिकांश सिफारिशों को मूल रूप में या कुछ संशोधन के साथ स्वीकार करने का निर्णय लिया गया है। तदनुसार अधोहस्ताक्षरी को राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 4(4) के अधीन समिति के प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों के संबंध में राष्ट्रपति के निम्नलिखित अनुसार आदेश सूचित करने का निदेश हुआ है :—

(क) शेष अनुवाद कार्य को पूरा करना

(1) फार्मों का अनुवाद मुद्रण और प्रयोग

समिति ने यह सिफारिश की है कि राजभाषा अधिनियम की उप-धारा 3(3)(ii) के अंतर्गत आने वाले संविदाओं और करारों तथा लाइसेंसों, परमिटों, नोटिसों और टेंडरों के सभी फार्मों का हिन्दी में अनुदित कराने तथा द्विभाषी रूप में छपवाने की यथाशीघ्र व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि ये हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में जारी किए जा सकें या भरे जा सकें।

सरकार ने यह सिफारिश स्वीकार कर ली है। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय विभिन्न मंत्रालयों/विभागों आदि को इस संबंध में कार्रवाई करने के लिये आवश्यक निर्देश जारी करे।

(2) कोडों और मैनुअलों आदि के अनुवाद के लिये समय-सीमा का निर्धारण

समिति ने यह सिफारिश की है कि जिन कोडों मैनुअलों का अभी तक अनुवाद नहीं हुआ है, उनके अनुवाद की व्यवस्था तत्काल की जाए, जिससे यह कार्य 1987 के अंत तक पूरा हो जाए।

स.स.त द्वारा निर्धारित अवधि पहले ही समाप्त हो चुकी है। शेष अनुवाद कार्य की मात्रा को देखते हुए रेल मंत्रालय, संचार मंत्रालय तथा भारत के नियंत्रक व महालेखापरीक्षक के कार्यालय द्वारा अनुवाद के लिए शेष अपने कोडों मैनुअलों आदि का तथा केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा अन्य मंत्रालयों/विभागों आदि के अनूदित न हुए कोडों और मैनुअलों के अनुवाद का कार्य अगले तीन वर्षों में अर्थात् 1991 के अंत तक पूरा किया जाए।

रक्षा मंत्रालय में चूंकि अनुवाद के लिए शेष कोडों और मैनुअलों की संख्या बहुत अधिक है अतः रक्षा मंत्रालय इस कार्य को वर्ष 1991-95 के अंत तक पूरा कर करें।

(3) विधि पुस्तकों और निर्णयों के अनुवाद का कार्य

(I) समिति ने यह सिफारिश की है कि विधि/निर्णय पुस्तका प्रिवी काउंसिल (1837-50) फैडरल-कोर्ट और उच्चतम न्यायालय (1950-1968) द्वारा किये गये निर्णयों के अनुवाद का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए तथा इस कार्य के लिये आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पदों का सृजन किया जाए।

इस सिफारिश को इस संशोधन के साथ स्वीकार किया गया है कि जो निर्णय अब प्रासंगिक नहीं हैं, उन्हें छोड़ दिया जाय, जिनका सार देने से काम चल सकता है, उनका सार मात्र तैयार किया जाए और शेष का अनुवाद किया जाय।

अपेक्षित कार्रवाई विधि और न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग का राजभाषा खण्ड करे।

(II) संसदीय विधियों का हिन्दी और प्रादेशिक भाषाओं में अनुवाद।

समिति ने सिफारिश की है कि राष्ट्रपति के 1960 के आदेश के पैरा-II के अनुसरण में संसदीय विधियों के प्रादेशिक भाषाओं में अनुवाद कार्य के लिये विधायी विभाग के राजभाषा खण्ड में समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।

संसदीय अधिनियमों के प्रादेशिक भाषाओं में अनुवाद का कार्य विधायी विभाग के राजभाषा खण्ड में पहले ही किया जा रहा है। जहां तक विधायकों का संबंध है, सरकारी विधेयकों के अनुवाद का कार्य विधायी विभाग का राजभाषा खण्ड करेगा (प्राइवेट सदस्यों के विधेयकों के हिन्दी अनुवाद का कार्य वर्तमान व्यवस्था के अनुसार लोकसभा या राज्य सभा सचिवालय करेगा। प्रारम्भ में अन्य भारतीय भाषाओं में प्राइवेट सदस्यों के विधेयकों के अनुवाद का काम भी विधायी विभाग का राजभाषा खण्ड करे। बाद में इसे लोकसभा और राज्य सभा सचिवालय को सौंपे जाने पर विचार किया जा सकता है।

(iii) राज्यों के अधिनियमों का हिन्दी में प्राधिकृत पाठ

समिति ने सिफारिश की है कि राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 6 अनुसरण में राज्यों के अधिनियमों के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ तैयार करने के लिए विधायी विभाग के राजभाषा खण्ड में समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।

राज्यों के अधिनियमों के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ तैयार करने का काम राज्य सरकारों का है। इस सिफारिश को आवश्यक कार्रवाई के लिये राज्य सरकारों को भेज दिया जाए।

(4) प्रशिक्षण सामग्री का अनुवाद

समिति ने प्रशिक्षण सामग्री के अनुवाद के संबंध में यह सिफारिश की है कि मंत्रालयों/विभागों, उपक्रमों तथा अन्य स्वायत्त संगठनों आदि के प्रशिक्षण संस्थानों में प्रयुक्त की जा रही प्रशिक्षण सामग्री का हिन्दी में अनुवाद करने के लिये अग्रता के आधार पर तुरन्त कार्रवाई की जानी चाहिए तथा इस कार्य की समयबद्ध योजना बनाकर अगले तीन वर्षों में पूरा कर लिया जाय।

सिफारिश स्वीकार कर ली गई है। राजभाषा विभाग द्वारा सभी मंत्रालयों/विभागों आदि को इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई के लिये आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं, जिनका अनुपालन मंत्रालयों/विभागों आदि द्वारा सुनिश्चित किया जाय।

(ख) अनुवाद व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण

(5) प्रक्रिया साहित्य के अनुवाद के लिये व्यवस्था

समिति ने सिफारिश की है कि विभिन्न प्रकार के निर्धारित कोडों/मैनुअलों/फार्मों और प्रक्रिया साहित्य के अनुवाद की वर्तमान व्यवस्था को आवश्यकतानुसार सुदृढ़ किया जाए। यह काम इस समय गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, रेल मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, संचार मंत्रालय के डाक विभाग तथा दूर संचार विभाग और विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग में किया जा रहा है। समिति ने सिफारिश की है कि यहीं पर यह कार्य किया जाना रहे तथा उन्हें इसके लिये उपयुक्त स्तर के अतिरिक्त कर्मचारियों/अधिकारियों की सुविधायें तुरंत उपलब्ध कराई जाएं।

सिफारिश स्वीकार कर ली गई है।

संबंधित मंत्रालय/विभाग इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई करें।

(6) द्विभाषिकता की नीति के कार्यान्वयन के लिये अनुवाद व्यवस्था।

समिति ने यह सिफारिश की है कि दैनिक तथा सतत् रूप से चलने वाले सामान्य कार्यों में भी सरकार की द्विभाषिकता की नीति के सफल संचालन के लिये लगभग सभी मंत्रालयों/विभागों में अनुवाद व्यवस्था को आवश्यकतानुसार सुदृढ़ करना होगा ताकि राजभाषा नीति संबंधी कार्यान्वयन का कार्य भी पिछड़ने न पाए।

यह सिफारिश स्वीकार कर ली गई है।

राजभाषा विभाग सभी मंत्रालयों/विभागों आदि को अपेक्षित कार्रवाई के लिये आवश्यक निर्देश जारी करें।

(7) राजभाषा अधिनियम और नियमों के अनुपालन के लिये अनुवाद व्यवस्था।

समिति ने राजभाषा अधिनियम तथा नियमों के सम्यक अनुपालन के लिये अपेक्षित अनुवाद व्यवस्था के बारे में यह सिफारिश की है कि भारत सरकार के मंत्रालयों, विभागों, उपक्रमों, अन्य संस्थानों आदि के देश-विदेश स्थित ऐसे सभी संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में जहां इस समय एक भी अनुवादक नहीं है वहां भी राजभाषा अधिनियम तथा नियमों के अनुसार जो-जो कार्य द्विभाषिक रूप में किए जाते हैं, उन्हें द्विभाषिक रूप में ही किया जाय तथा इसके लिये समुचित अनुवाद व्यवस्था की जाए।

सिफारिश स्वीकार कर ली गई है गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग मंत्रालयों/विभागों आदि को अपेक्षित कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश जारी करें।

(8) उपक्रमों के विधिक साहित्य का अनुवाद

समिति ने सिफारिश की है कि विधायी विभाग के राजभाषा खण्ड को इस प्रकार सुदृढ़ किया जाय कि वह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि के सांविधिक साहित्य के अनुवाद कार्य का दायित्व भी भली भांति वहन कर सके।

इस सिफारिश पर विचार किया गया। विधायी विभाग का राजभाषा खण्ड केवल सरकारी विभागों और कार्यालयों के विधिक अनुवाद कार्य के लिये है। बैंकों, बीमा कम्पनियों और बड़े उपक्रमों को अपने विधिक साहित्य के अनुवाद की व्यवस्था स्वयं करनी चाहिए। विधायी विभाग का राजभाषा खण्ड उनके मार्गदर्शन के लिये कुछ मानक प्रारूप तैयार कर देगा और विधि अधिकारियों के प्रशिक्षण में भी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। छोटे उपक्रमों, जिनके लिये यह व्यवस्था स्वयं करना व्यावहारिक न हो, के लिये उचित व्यवस्था का प्रबंध उद्योग मंत्रालय का लोक उद्यम ब्यूरो स्टैंडिंग कांफ्रेंस आन पब्लिक एंटरप्राइजिज (स्कोप) के माध्यम से या किसी और प्रकार करने का प्रयत्न करे।

(9) अनुवाद सम्बन्धी पदों का सृजन

समिति ने सिफारिश की है कि अनुवाद संबंधी पदों के सृजन की नीति व्यावहारिक और उदार हो और मंत्रालयों, विभागों आदि को स्पष्ट निर्देश दिये जायें कि जहां हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में काम करना अनिवार्य और अपेक्षित है वहां इसके लिये अनुवाद आदि की नियुक्ति करें। इसके लिये किसी प्रकार की रोक न हो तथा जिन कार्यालयों में 25 से कम अनुसचिवीय कर्मचारी काम करते हों उनमें भी समुचित अनुवाद व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।

सिफारिश स्वीकार कर ली गई है। इस संबंध में गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग मंत्रालयों, विभागों आदि को अपेक्षित कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश जारी करें। जिन कार्यालयों में 25 से कम अनुसचिवीय कर्मचारी काम करते हैं उनमें भी वर्तमान अनुदेशों के अनुसार मानदंड के आधार पर अनुवाद का प्रबन्ध करने के लिये राजभाषा विभाग द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

(10) अनुवादकों के भर्ती नियमों की पुनरीक्षा करना तथा उनमें आवश्यकतानुसार संशोधन करना।

विभिन्न विषयों से संबंधित सामग्री के अनुवाद के स्तर में सुधार के लिए, समिति ने यह सिफारिश की है कि अनुवादकों के भर्ती नियमों में विशेष प्रकार के कार्यालयों, उपक्रमों आदि की विशेष आवश्यकताओं के अनुसार अनुभव एवं योग्यता वाले अभ्यर्थियों की भर्ती का प्रावधान रखा जाए। इसके अतिरिक्त भर्ती नियमों की पुनरीक्षा इस प्रकार की जानी चाहिए कि विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक, विधि, तकनीकी, इंजीनियरी आदि की योग्यता रखने वाले व्यक्ति भी, अंग्रेजी तथा हिन्दी में उच्च प्रवीणता होने पर, विभिन्न राज्य सेवाओं में उच्च पदों पर भर्ती के लिए आकृष्ट किए जा सकें।

सिफारिश स्वीकार कर ली गई है। गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग मंत्रालयों, विभागों आदि को इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश जारी करे।

(11) अधीनस्थ कार्यालयों में अनुवाद संबंधी पदों पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के अलग-अलग संवर्ग गठित करना।

समिति ने यह सिफारिश की है कि विभिन्न मंत्रालयों/ विभागों तथा उपक्रमों को अपने-अपने अधीनस्थ कार्यालयों में संघ की राजभाषा नीति के अनुपालन के लिए अनुवाद संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का भी अलग-अलग संवर्ग गठित करना चाहिए।

यह सिफारिश इस संशोधन के साथ स्वीकार की गई है कि जहां संवर्ग का गठन संभव हो वहां संवर्ग बनाया जाय, जहां यह संभव न हो वहां स्टाफ की पदोन्नति के लिए अन्य प्रकार से व्यवस्था की जाय। गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश जारी करे।

(ग) कोडों मैनुअलों तथा फार्मों का द्विभाषिक निर्माण तथा संशोधन, मुद्रण तथा प्रकाशन वितरण

समिति ने कोडों, मैनुअलों और फार्मों के द्विभाषिक निर्माण, मुद्रण, प्रकाशन और वितरण के संबंध में निम्नलिखित सिफारिशें की हैं:

(12) द्विभाषिक रूप में निर्माण तथा संशोधन

(i) कोड, मैनुअल तथा फार्म तथा प्रक्रिया साहित्य के हिन्दी और अंग्रेजी पाठ साथ-साथ तैयार कराए जाएं तथा समय-समय पर किए जाने वाले संशोधनों का अनुवाद भी साथ-साथ हो।

(ii) द्विभाषिक रूप में मुद्रण तथा प्रकाशन

जब तक अनूदित अथवा अनुवाद के लिए बाकी कोड, मैनुअल और फार्म, हिन्दी अनुवाद उपलब्ध होने पर, द्विभाषी रूप में तुरन्त मुद्रित/प्रकाशित किये जायें। मुद्रण कार्य में विलम्ब न हो, इसके लिये यदि आवश्यक हो तो मुद्रण का कार्य निजी मुद्रणालयों से करा लिया जाय। यदि इनके द्विभाषिक रूप में मुद्रण/साइक्लोस्टाइल, प्रकाशन अथवा प्रयोग के इस नियम का किसी भी स्थान अथवा स्तर पर उल्लंघन हो तो उसे गंभीरता से लिया जाय।

(iii) द्विभाषिक रूप में वितरण

कोड, मैनुअल, अन्य प्रक्रिया साहित्य तथा फार्म आदि और उनमें समय-समय पर किये जाने वाले संशोधन मंत्रालयों, विभागों आदि के संबद्ध अधीनस्थ कार्यालयों तथा उपक्रमों और संस्थानों आदि में जहां भी इनका प्रयोग अपेक्षित हो, केवल द्विभाषी रूप में ही उपलब्ध करवाए जाएं।

(iv) संगणक शब्दावली की तैयारी

मंत्रालयों/विभागों द्वारा नियमित सांविधिक और असांविधिक प्रकार के कोडों/मैनुअलों, फार्मों और अन्य कार्यविधि साहित्य के अनुवाद द्विभाषी रूप में मुद्रण और मंत्रालय/विभाग के अधीन सभी कार्यालयों आदि में उनकी उपलब्धता के बारे में समन्वय की जिम्मेदारी मंत्रालय/विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को सौंपी जाए।

उपर्युक्त सिफारिशें स्वीकार कर ली गई हैं। गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग सभी मंत्रालयों/विभागों आदि को इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई के लिये आवश्यक निर्देश जारी करे।

(ब) अनुवाद प्रशिक्षण

(13) असांविधिक साहित्य के अनुवाद के लिये प्रशिक्षण

समिति ने अपने प्रतिवेदन में अनुवाद कर्मियों के प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है। इस संबंध में समिति ने सिफारिश की है कि सभी अनुवाद कर्मियों को एक समयबद्ध योजना बनाकर अनुवाद प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से दिलाया जाए। इसके लिये केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो को अपनी प्रशिक्षण व्यवस्था और सुदृढ़ करनी होगी। जिन अनुवादकों ने अभी तक अनुवाद प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है उन्हें 1988 के अंत तक यह प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त करा दिया जाए। इसके लिये आवश्यकतानुसार कलकत्ता, मद्रास, अहमदाबाद और गौहाटी जैसे बड़े नगरों के अतिरिक्त प्रत्येक प्रदेश में कम से कम एक अनुवाद प्रशिक्षण केन्द्र तदर्थ आधार पर तुरन्त खोला जाना चाहिए।

जहां तक प्रशिक्षण के लिये शेष सभी अनुवादकों को 1988 के अंत तक प्रशिक्षण दिलाने का प्रश्न है, यह इस अल्पावधि में संभव नहीं है। गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग प्रशिक्षण के लिये शेष कर्मचारियों को वर्ष 1991 के अंत तक अनुवाद प्रशिक्षण देने के लिये समयबद्ध कार्यक्रम बनाये और उसके लिए आवश्यक व्यवस्था करे। अनुवाद प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का निर्णय आवश्यकता और वित्तीय साधनों को देखकर किया जाये।

(14) विधिक सामग्री के अनुवाद के लिये प्रशिक्षण

समिति ने विधिक अनुवाद प्रशिक्षण के संबंध में यह सिफारिश की है कि विधिक प्रकार का अनुवाद कार्य करने वाले अनुवादकों का स्तर सुधारने के लिये केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो अथवा स्वयं विधि और न्याय मंत्रालय (विधायी विभाग) द्वारा इस संबंध में अपेक्षित प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए तथा उनके लिये पुनश्चर्या की भी व्यवस्था की जाए।

यह सिफारिश स्वीकार कर ली गई है। विधि एवं न्याय मंत्रालय का विधायी विभाग विधिक सामग्री का अनुवाद करने वाले अनुवादकों के प्रशिक्षण और पुनश्चर्या प्रशिक्षण के लिये आवश्यक व्यवस्था करे।

(15) अनुवाद पुनश्चर्या प्रशिक्षण

समिति ने अनुवादकों के पुनश्चर्या प्रशिक्षण के संबंध में सिफारिश की है कि प्रशिक्षण तथा अनुभव प्राप्त अनुवादकों का ज्ञान तथा अनुवाद स्तर बनाये रखने के लिये अनुवाद कार्य में लगे हुए कर्मचारियों को प्रथम प्रशिक्षण के पांच साल बाद पुनश्चर्या प्रशिक्षण दिलाया जाय।

यह सिफारिश स्वीकार कर ली गई है। इस संबंध में राजभाषा विभाग आवश्यक व्यवस्था करे।

(16) हिन्दी अधिकारियों तथा उनसे ऊपर के अधिकारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था

समिति ने यह सिफारिश की है कि हिन्दी अधिकारियों तथा उनसे ऊपर के स्तर के अधिकारियों के लिये उच्च कोटि के अनुवाद तथा अनुवाद की पुनरीक्षा के प्रशिक्षण की यथोचित एवं यथावश्यक व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे सभी मंत्रालयों, विभागों, उपक्रमों, कार्यालयों आदि में सभी स्तरों पर एक अत्यंत कुशल, सुचारु एवं फलीभूत अनुवाद व्यवस्था उपलब्ध हो सके।

यह सिफारिश स्वीकार कर ली गई है। इस संबंध में गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग आवश्यक व्यवस्था करे।

(17) एक विभाग से दूसरे विभाग में स्थानान्तरण होने पर विभागीय प्रशिक्षण

समिति के विचार में अनुवाद कर्मियों के एक विभाग से दूसरे विभाग में स्थानान्तरित किये जाने पर नये विभाग में विशेष प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। उसने यह सिफारिश की है कि अनुवाद कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक विभाग से दूसरे विभाग में स्थानान्तरण हो तो उन्हें नए विभाग में वहां की विशेष परिस्थिति और शब्दावली आदि समझने और अपनाने के लिये उस विभाग द्वारा लगभग एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण देने की व्यवस्था भी की जाए।

यह सिफारिश स्वीकार कर ली गई। राजभाषा विभाग सभी मंत्रालयों/विभागों आदि को यह प्रशिक्षण विभागीय रूप से प्रदान करने के लिये आवश्यक निर्देश जारी करे।

(ग) मानक शब्दावली का निर्माण

(18) समिति ने शब्दावली निर्माण के संबंध में निम्नलिखित सिफारिशें की हैं:

(i) नए शब्दों के मानक पर्याय निश्चित करना

शब्दावली आयोग 1970 के बाद विभिन्न विषयों में प्रचलन में आए हजारों नए शब्दों के मानक पर्याय निश्चित करने का काम तत्काल अपने हाथ में ले और अपने शब्द ग्रंथों को अद्यतन बनाने की दिशा में कदम उठाए।

(ii) शब्दावलियों की आवधिक पुनरीक्षा

समय-समय पर इन शब्दावलियों की पुनरीक्षा की जानी चाहिए और अद्यतन बनाने के लिये इनमें विज्ञान की नई खोजों तथा अन्य परिस्थितियों के अनुसार नई अभिव्यक्तियों के लिये उपयुक्त नए शब्द जोड़े जाने चाहिए।

(iii) निर्माणाधीन शब्दावलियों के निर्माण कार्य में तेजी लाना

विभिन्न विभागों की निर्माणाधीन शब्दावलियों के निर्माण के कार्य में तेजी लाई जाए ताकि यह कार्य 1988 तक पूरा कर लिया जाये।

(iv) उच्चस्तरीय समिति का गठन

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के सदस्यों के रिक्त स्थान तत्काल भरे जाये तथा एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाय जो शब्दावली निर्माण के क्षेत्र में मार्गदर्शन करे।

ये सिफारिशें स्वीकार कर ली गई हैं।

इसके संबंध मानव संसाधन विकास मंत्रालय का शिक्षा विभाग अपेक्षित कार्रवाई करे।

विधि शब्दावली की पुनरीक्षा के संबंध में विधि और न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग का राजभाषा खण्ड अपेक्षित कार्रवाई करे।

(घ) मानक शब्दावली का प्रयोग, प्रचार-प्रसार और वितरण

(19) समिति ने मानक शब्दावली के प्रयोग तथा उनके प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए निम्नलिखित सिफारिशें की हैं:

( ) मानक हिन्दी पर्यायों का प्रयोग सुनिश्चित करना

मानक शब्दावलियों में विभिन्न अंग्रेजी शब्दों के लिये जो हिन्दी पर्याय दिये गये हैं अथवा दिये जायेंगे, उनका ही प्रयोग सुनिश्चित किया जाए जिससे राजभाषा का मानक रूप उभर कर आये।

(ii) प्राध्यापकों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन

विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्राध्यापकों के लिए शब्दावली कार्यशालाएं आयोजित की जाएं ताकि उपयुक्त शब्दावली के प्रयोग से उनके ज्ञान का विस्तार हो और उनकी भाषायी क्षमता बढ़ सके ।

(iii) अखिल भारतीय शब्दावली की पहचान

अखिल भारतीय शब्दावली की पहचान की जाय और सभी आधारभूत शब्दों की सूचियां तैयार कर अहिन्दी भाषी राज्यों में राज्य पुस्तक मंडलों को भेजी जाएं और इन राज्यों में स्थित विद्वानों के सहयोग से शब्दावली कार्यशालाएं आयोजित की जाएं ।

(iv) शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित शब्द संग्रहों का अनुकूलन

शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित शब्द संग्रहों के अनुकूलन के लिए सभी राज्यों में उपयुक्त एजेंसियां स्थापित की जाएं ताकि हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में रचित विज्ञान एवं तकनीकी साहित्य में शब्दावली की अभीष्ट एकरूपता स्थापित हो सके ।

(v) अध्ययन-अध्यापन में मानक शब्दावलियों का प्रयोग

शब्दावली निर्माण में लगे अभिकरण विषयवार सूचियां विद्यालयों, विश्वविद्यालयों तथा प्राध्यापकों को भेजें और राज्यों में जाकर स्कूलों और विश्वविद्यालयों के अध्यापकों के लिए संगोष्ठियों और कार्यशालाओं आदि का आयोजन करें, जिससे वे नवनिर्मित शब्दों से परिचित हो सकें और अध्ययन-अध्यापन के दौरान उनका प्रयोग कर सकें । ग्रंथ अकादमियों तथा सरकारी प्रकाशन संस्थानों को भी इस ओर अधिकाधिक ध्यान देना होगा ।

(vi) कार्यशालाओं में पारिभाषिक शब्दावली की जानकारी देना

हिन्दी में काम करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की सहायता के लिए आयोजित की जाने वाली कार्यशालाओं में पारिभाषिक शब्दावली की जानकारी अवश्य कराई जाए ताकि वे अपने रोजमर्रा के काम में उसका प्रयोग कर सकें ।

(vii) वैज्ञानिक तथा तकनीकी विषयों पर हिन्दी में पुस्तक लेखन

सरकारी स्तर पर हिन्दी में वैज्ञानिक तथा तकनीकी विषयों पर अधिकाधिक पुस्तकें लिखी जाएं । इस क्षेत्र में निजी प्रकाशकों को भी प्रोत्साहित किया जाए । इन पुस्तकों में प्रकाशन की एक पूर्व शर्त यह हो कि इनमें प्रामाणिक शब्दावली का प्रयोग किया जाए ।

(viii) केन्द्रीय सरकार के कामकाज में मानक शब्दावली का प्रयोग

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग तथा संबंधित मंत्रालयों द्वारा निर्मित विधि, विज्ञान और तकनीकी शब्दावलियों को केन्द्रीय सरकार के कामकाज में, जिसमें कि आकाशवाणी व दूरदर्शन का प्रसारण भी शामिल है समुचित प्रयोग किया जाए ।

(ix) शब्दावलियों का पर्याप्त संख्या में वितरण

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग और विधायी विभाग के राजभाषा खण्ड द्वारा प्रकाशित तथा अन्य मंत्रालयों द्वारा निर्धारित और प्रकाशित शब्दावलियां सभी कार्यालयों को आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराई जाएं ।

(x) शिक्षा से संबंधित संस्थानों को शब्दावलियों के बारे में विस्तार से सूचना देना

शिक्षा के क्षेत्र से संबंधित संस्थानों जैसे राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा विश्वविद्यालयों आदि को भी वर्तमान और भविष्य में निर्मित की जाने वाली शब्दावलियों के बारे में विस्तार से सूचना दी जाए और उनसे आग्रह किया जाए कि विभिन्न विषयों के लिए हिन्दी तथा विभिन्न भारतीय भाषाओं में पाठ्य सामग्री में उसका यथासम्भव व्यवहार सुनिश्चित करें । इसी प्रकार का अनुरोध ग्रंथ अकादमियों, सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों तथा निजी प्रकाशकों से भी किया जा सकता है कि वे विभिन्न विषयों पर अपने प्रकाशनों में इन शब्दावलियों का भी यथासम्भव प्रयोग करें ।

(xi) शब्दावली बैंक की स्थापना

विधि, विज्ञान, तकनीकी और मानविकी के क्षेत्र में निर्मित शब्दावली के भविष्य में कम्प्यूटर द्वारा इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए शब्दावली बैंक का निर्माण तुरन्त किया जाए । यह कार्य वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग को सौंपा जा सकता है ।

(xii) विधि शब्दावली का न्यायालयों में वितरण

विधायी विभाग द्वारा निर्मित विधि शब्दावली का भरपूर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए इसका प्रतियां देश भर में फैले जैसे न्यायालयों में भी, जहां हिन्दी का प्रयोग किए जाने की सम्भावना हो, निःशुल्क अथवा कम मूल्य पर उपलब्ध रहनी चाहिए ।

(xiii) विधि की पाठ्यपुस्तकों में विधि शब्दावली का प्रयोग

हिन्दी माध्यम से विधि की शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों की सुविधा के लिए पाठ्य पुस्तकों में भी, चाहे वे विधि पुस्तकों का अनुवाद हों अथवा हिन्दी में मूलतः लिखी जाएं, प्राधिकृत शब्दावली का प्रयोग अपेक्षित है ।

(xiv) विधि शब्दावली का वितरण

विधायी विभाग विधि शब्दावली की अनेकानेक प्रतियां छपवाकर इसके वितरण की व्यवस्था करे, जिससे कि उसका प्रयोग तथा भाषा में एकरूपता सुनिश्चित की जा सके ।

उपर्युक्त सभी सिफारिशें स्वीकार कर ली गई हैं ।

मानक शब्दावली का प्रयोग सरकारी कार्यालयों में सुनिश्चित करने के लिए राजभाषा विभाग ने पहले ही आदेश जारी किए हुए हैं जिसका अनुपालन मंत्रालयों/विभागों आदि द्वारा सुनिश्चित किया जाए । उपरोक्त (vi) बारे भी निर्देश राजभाषा विभाग द्वारा दिए जाएं ।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग द्वारा विकसित मानक शब्दावली के प्रचार प्रसार और शिक्षा के क्षेत्र तथा पुस्तक प्रकाशन में उसके प्रयोग, शब्दावली बैंक की स्थापना के लिए सिफारिशों में उल्लिखित कार्रवाई शिक्षा विभाग करे ।

इसी प्रकार विधि शब्दावली के संबंध में अपेक्षित कार्रवाई विधि और न्याय मंत्रालय का राजभाषा खण्ड करे ।

(छ) मूल प्ररूपण

(20) समिति का यह विचार है कि हिन्दी में मूल प्रारूपण किया जाना चाहिए । इस संबंध में समिति ने निम्नलिखित सिफारिशें की हैं :—

(i) विधि के क्षेत्र में मूल प्रारूपण हिन्दी में किया जाए ताकि हिन्दी में बनी विधियों का निर्वचन कर निर्णय हिन्दी में लिखे जाएं ।

(ii) भविष्य में नए कोड मैनुअलों आदि का सृजन मूल रूप हिन्दी में किया जाए ।

ये सभी सिफारिशें सिद्धान्त रूप में स्वीकार कर ली गई हैं । यद्यपि अभी इन पर पूरी तरह अमल करना संभव नहीं होगा फिर भी इसके लिए यथासंभव प्रयास किया जाना चाहिए ।

विधि के क्षेत्र में मूल प्रारूपण के बारे विधायी विभाग आवश्यक कार्रवाई करे ।

जहां तक कोडों, मैनुअलों का सृजन मूल रूप से हिन्दी में किए जाने का संबंध है, राजभाषा विभाग इस संबंध में सभी मंत्रालयों/विभागों आदि को आवश्यक निर्देश जारी करे ।

(ज) शिक्षा के क्षेत्र में संबंधित अन्य सिफारिशें

(21) समिति ने विश्व की अन्य भाषाओं में उपलब्ध ज्ञान-विज्ञान के हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद की आवश्यकता पर बल देते हुए यह सिफारिश की है कि देश के अद्यतन विकास के लिए उन्नत देशों की भाषा में प्रकाशित होने वाले ज्ञान-विज्ञान का आवश्यकतानुसार

हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में सीधे और अविलम्ब अनुवाद होना चाहिए, जिसके लिए एक नया संगठन स्थापित किया जाए।

